तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 अरंड स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक



12 विधायक ने शांतिकुंज हरिद्वार से आए दिव्य...



नवरात्रि विशेष



पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है।

खबर संक्षेप

दुकान से कॉपर वायर चोरी

महासमुंद। ग्राम छिलपावन के एक दुकान से कॉपर वायर को चोरी के मामले में पटेवा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम छिलपावन के मुरली मोटर्स से 12 अक्टूबर की रात अज्ञात आरोपी ने 110 किलो कॉपर वायर एवं 2 बोरी स्क्रैप वायर कीमत करीबन 80,000 रुपए की चोरी कर ली। दुकान संचालक विजय कुमार पटेल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में धारा 305(ए) 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मंदिर के सामने से ट्रक चोरी

महासमुंद। नगर के खल्लारी मंदिर के सामने खड़े एक ट्रक की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 25 श्री राम कॉलोनी महासमुंद निवासी टिकेश्वर साहू ने बताया कि उसकी ट्रक 1109 टाटा वाहन क्र0 सीजी 04 जेडी 6580 को 12 अक्टूबर की रात 10 बजे से खड़ा किया था। जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

लंबित मांगों को लेकर आंबा कर्मचारी हड़ताल की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं

- आंबा कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले किया जाएगा हड़ताल

ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले 27 अक्टूबर को प्रदेशभर में एक दिवसीय जिला स्तरीय हड़ताल किया जाएगा। महासमुंद में हड़ताल के बाद कलेक्ट्रेट का घेराव कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित शासन के जिम्मेदारों के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। संयुक्त मंच का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बच्चों के पोषण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल तथा शासन की विभिन्न योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं।



बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, सम्मानजनक मानदेय और सामाजिक सुरक्षा की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच आर्थिक सुरक्षा का अभाव उनकी प्रमुख चिंता है। मंच की ओर से सुधा रात्रे सहित महिला पदाधिकारियों ने मांग की है कि नियमितीकरण होने तक कार्यकर्ताओं को 30 हजार रुपये और सहायिकाओं को 25 हजार 500 रुपये मासिक मानदेय दिया जाए। कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर तथा सहायिकाओं को कार्यकर्ता के पद पर सीधे पदोन्नति देने के साथ पदोन्नति में उम्र की बाध्यता समाप्त की जाए। इसके अलावा समूह बीमा, पेंशन, ग्रेच्युटी और भविष्य निधि (पीएफ) की सुविधा, सेवा के दौरान आकस्मिक मृत्यु पर अनुकंपा नियुक्ति तथा सेवानिवृत्ति पर कार्यकर्ताओं को पांच लाख और सहायिकाओं को तीन लाख रुपये देने की मांग की गई है। मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रतिवर्ष मानदेय में एक हजार रुपये की वृद्धि भी मांगों में शामिल है।

आक्रोश : पटवारी कार्यालय के पास जुटे आदिवासी समाजजन

आदिवासी समाज ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ समाज के द्वारा 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया। घेराव के चलते ढाई घंटे तक बीटीआई रोड जाम रहा।

केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर ने बताया कि रानी महल पिथौरा और सरायपाली, बसना महासभा का विभाजन होकर दो अलग-अलग महासभा अस्तित्व में आ चुके हैं। रानी महल पिथौरा महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर हैं और सरायपाली बसना महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह है। बसंता ने बताया कि हमारा संगठन मुख्य है और कुछ पदाधिकारी पैसा गबन कर सरायपाली, बसना महासभा में जुड़ गए हैं। इस मामले के विवाद को सुलझाने के लिए प्रयास किया जाना था, लेकिन नहीं हो पाया।

उन्होंने बताया कि10 जुलाई



कलेक्टर कार्यालय के सभागार में अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानीमहल पिथौरा महासभा और सरायपाली बसना महासभा दोनों महासभा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें सरायपाली और बसना महासभा के अध्यक्षगण अनुपस्थित रहे। इस कारण दोनों महासभा का कोई भी विषय पर चर्चा का निष्कर्ष नहीं निकल पाया। संयुक्त बैठक बहुत जल्द आयोजित किए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद भी सूचना का इन्तजार करते रहे। अब कहा जा रहा है कि समाज का मामला समाज ही स्वयं समस्या का निराकरण करे। एक अन्य मांग 25 सितंबर को मुंशीराम ठाकुर वल्द कुंवर सिंह ठाकुर ग्राम पण्डरीखार थाना तेन्दूकोना जिला महासमुन्द छत्तीसगढ़ द्वारा हमारे समाज के पदाधिकारीयों को जान से मारने का साजिश रचने का आडियों रिकार्डिंग के संबंध में जांचकर कड़ी कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बागबाहरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुंशीराम का बयान आज तक नहीं लिया हैं। जो जांच की कार्यवाही बागबाहरा में लंबित है। तेन्दुकोना में पुनः मुंशी राम ठाकुर के विरूध्द रिपोर्ट दर्ज हुई। उस पर भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। किन कारणों से मुंशी राम ठाकुर का बयान नहीं लिया गया, न ही उस पर किसी प्रकार की कार्यवाही की जा रही है। इससे समाज निराश है। अविभाजित अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ के सामाजिक संविधान का सन 2021, 2022 में बदलने वाले प्रमुख यज्ञराम सिदार एवं मनोहर ठाकुर असंवैधानिक रूप से पदाधिकारी है। उन्हें तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई।

बर्खास्त करने की मांग

बसंता ठाकुर ने बताया कि अविभाजित अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष पद को पूर्व में समाप्त कर दिया गया है। जिसे घासीराम मांझी ने पुनः पद निर्मित कर स्वयं कार्यकारी अध्यक्ष बन गया है, जो महासभा के विभाजन का प्रमुख कारण है। उसी के द्वारा समाज के सामाजिक समरता में जहर घोलने और प्रतिबंध लगाने का कार्य किया जा रहा है। घासीराम मांझी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। इसके अलावा विजेन्द्र पारेश्वर को बर्खास्त किया जावे।

कई पदाधिकारियों ने की नियमों की अवहेलना

बसंता ठाकुर ने बताया कि पोटापारा सर्कल के तीन पदाधिकारियों को सामाजिक संविधान की अवहेलना करने के कारण पद मुक्त किया गया है। वे अपने पद पर बने रहने के लिए सर्कल के समस्त रिकार्ड व फंड को लेकर अन्य महासभा में सम्मिलित हो गए, जो असंवैधानिक व सामाजिक व्यवस्था के विरूद्ध हैं उनसे भी सर्कल फंड की राशि का घर सदस्य के अनुपात में राशि दिलाया जाए।

सिटी कोतवाली में पदस्थ कांस्टेबल का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सिटी कोतवाली में पदस्थ आरक्षक कृष्णा पटेल की लाश शहर के पौनी पसारी पौनी पसारी के चबूतरे पर मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल आरक्षक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा पटेल मूल रूप से ग्राम दाबपाली के निवासी थे और बागबाहरा में निवासरत थे। स्थानीय लोगों ने सुबह पौनी पसारी के चबूतरे पर उनका शव देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान की पुष्टि करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि फुटेज में कृष्णा पटेल अपनी मोटरसाइकिल से अकेले पौनी पसारी के पास पहुंचते दिखे। इसके बाद वह चबूतरे पर जाकर लेटते नजर आते हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, उस दौरान आसपास कोई अन्य व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं, घटनास्थल पर आरक्षक के मुंह से झाग निकलने की बात भी सामने आई है। वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

समाज से बहिष्कार करने की धमकी तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। एक व्यक्ति को समाज से बहिष्कार करने की धमकी देने के मामले की जांच के बाद सांकरा थाने में तीन लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। सांकरा पुलिस ने बताया अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पिथौरा के पुत्र के अनुसार आवेदक रसपाल सिदार पिता जगमोहन सिदार ग्राम पेंड्रा द्वारा कार्तिक राम नेटी, जयचंद पालेश्वर, सुधु जगत के द्वारा आवेदक के घर में पचीस हजार रूपये जुर्माना राशि एवं मीटिंग में एक लाख रुपए जुर्माना राशि मांगकर सामाजिक रूप से बहिष्कृत करने की धमकी देने संबंधी शिकायत की है।

पुलिस ने बताया कि शिकायत की जांच के दौरान आवेदक रसपाल सिदार व अनावेदक कार्तिक राम नेटी, जयचंद पालेश्वर, लक्ष्मण सिदार उर्फ सुधु व गवाह सुशील डड़सेना, ग्राम कोटवार सदमा नंद, निरंजन बिसाल, रतिराम नेटी का कथन लिया गया है। आवेदक रसपाल सिदार की नाती बंशीलाल सिदार के द्वारा अन्य समाज की लड़की से विवाह कर लेने से समाज के पदाधिकारी कार्तिक राम नेटी, जयचंद पालेश्वर, लक्ष्मण सिदार उर्फ सुधु के द्वारा एक राय होकर जून 2026 में आवेदक के घर में मीटिंग रखकर 25 हजार रुपए जुर्माना राशि की मांग करने एवं इसके दो दिन बाद गांव के रामलाल साहू के किराना दुकान के पास अतिरिक्त एक लाख रुपए जुर्माना राशि देने के लिए सामाजिक रूप से बहिष्कृत करने की धमकी देकर दबाव बना रहे है। मामले की जांच के बाद आरोपियों के विरूद्ध धारा 308(3), 3(5) बीएनएस व 7(2) नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

महासमुंद। पुरानी रंजिश को लेकर परसवानी के एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 13 अक्टूबर को परसवानी के पवन साहू चंडी मंदिर ग्राम बिरकोनी गए थे। चंडी मंदिर दर्शन कर सायकल से जगबती यादव को अपने साथ बिठा कर ला रहे थे। ग्राम परसवानी के मुक्तिधाम के पास गैंदू राम यादव ने पुरानी रंजीशवश गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व डंडे से मारपीट की, जिससे बांया हाथ की कलाई के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



महासमुंद। शहर के पुराना रायपुर नाका के पास स्थापित दुर्गा प्रतिमा।

यात्री बसों की जांच में 9 बसों पर कार्रवाई 19,600 रुपए का शमन शुल्क वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यात्री बसों में आवश्यक सुरक्षा मानकों के पालन की जांच के लिए परिवहन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 12 अक्टूबर को रायपुर रोड, महासमुंद में यात्री बसों की जांच की गई।

जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला के नेतृत्व में परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने यात्री बसों की जांच के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा, परमिट सहित सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक अन्य मानकों की जांच की। जांच के दौरान 09 यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। इन बसों से कुल 19,600 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया। परिवहन विभाग द्वारा यात्री बस संचालकों एवं वाहन चालकों को वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन



रखने तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा इस प्रकार की जांच एवं कार्रवाई आगे भी जारी रखी जाएगी।

बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्कूटी से अपने बच्चे को लाने स्कूल जा रही एक महिला बाइक की टक्कर से घायल हो गई। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। महावीर पार्क ग्राम मचेवा निवासी किरण चंद्राकर 13 अक्टूबर को अपनी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 04 एलआर 5751 से अपने बच्चे को लाने स्कूल जा रही थी। दोपहर करीबन 12 बजे महानदी कॉलोनी के पास बीटीआई गार्डन के पास पहुंची थी, इसी दौरान महासमुंद शहर की ओर से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 9992 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से गिरने की वजह से महिला के बायें हाथ और बांये पैर में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(a), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बेमुद्दत हड़ताल शुरू कर पटवारियों ने मांगा ऐप तकनीक और समस्याओं का समाधान

महासमुंद जिले में पांच पटवारियों के निलंबन का मुद्दा भी विवाद का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीवी ऐप की तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं का समाधान नहीं होने से नाराज राजस्व पटवारी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। इसके चलते राजस्व संबंधी अनेकों कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराते हुए कहा हैकि पूर्व में कई बार शासन और विभाग का ध्यान समस्याओं की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकला है।

गौरतलब है कि पीवी ऐप के माध्यम से कराए जा रहे फसल के भौतिक सत्यापन के दौरान पटवारियों को कई तरह की तकनीकी और व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान पंजीयन, बकेट क्लेम, जनगणना के प्रथम चरण, लघु सिंचाई संगणना, रेलवे सर्वे, एनएचएआई सर्वे, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र और अन्य विभागीय कार्यों के चलते पटवारियों पर काम का दबाव बढ़ने की बात कही गई है। संघ ने बालोद, गरियाबंद, पेंड्रा और मरवाही जिलों में पटवारियों के स्थानांतरण, कारण बताओ नोटिस और निलंबन जैसी कार्रवाई पर भी आपत्ति जताई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि तीन पटवारियों को निलंबित किया गया है। संघ ने इन कार्रवाइयों को अन्यायपूर्ण बताते हुए संबंधित आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। राजस्व पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित वेतन विसंगति और पदोन्नति के मामलों में भी जल्द निर्णय लेने की मांग की है। संघ ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए इन समस्याओं का सकारात्मक समाधान निकालने का आग्रह किया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों का निराकरण नहीं होने की स्थिति में प्रदेश भर के राजस्व पटवारी अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

धान खरीदी से पहले फसल सत्यापन पर संकट

पटवारियों के आंदोलन का असर किसानों के फसल सत्यापन, किसान पंजीयन और आम नागरिकों के राजस्व संबंधी कार्यों पर पड़ सकता है। धान खरीदी की तैयारियों के बीच डिजिटल फसल सर्वेक्षण और गिरदावरी का काम महत्वपूर्ण होने से किसानों की चिंता बढ़ सकती है। पटवारी संघ पीवी (PV) ऐप के जरिए फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करने, कार्रवाई वापस लेने, वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति संबंधी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। महासमुंद जिले में पांच पटवारियों के निलंबन का मुद्दा भी विवाद का हिस्सा है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत खेतों में बोई गई फसल और उसके रकबे का भौतिक सत्यापन किया जाता है। इस प्रक्रिया में देरी होने पर रिकॉर्ड में सुधार, फसल संबंधी जानकारी के सत्यापन और किसान पंजीयन से जुड़े काम प्रभावित हो सकते हैं। इसका असर उन किसानों पर अधिक पड़ सकता है, जिनके दस्तावेजों या दर्ज रकबे में सुधार की जरूरत है। हड़ताल लंबी चलने पर जमीन का नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, राजस्व अभिलेखों में सुधार और विभिन्न प्रमाणपत्रों के लिए जरूरी प्रतिवेदन जैसे कामों में देरी हो सकती है। आय, जाति और निवास प्रमाणपत्रों की प्रक्रिया भी वहां प्रभावित हो सकती है, जहां पटवारी की जांच या रिपोर्ट जरूरी है।

ट्यूबवेल का पंप चोरी

महासमुंद। ग्राम बगारदरहा में एक किसान के खेत स्थित मकान से ट्यूबवेल का पंप चोरी के मामले में आरोपी के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। सांकरा थाने में पहुंचकर प्रार्थी जसकेतन पंडा पिता सीताराम पंडा निवासी धरमपुर ने बताया उसने बगारदरहा के खेत में सिंचाई हेतु एक ट्यूबवेल मोटर पंप लगाया हुआ है तथा एक नग 02 एचपी का ट्यूबबेल मोटर पंप खेत के बने मकान में रखा हुआ था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 12-13 अक्टूबर के मध्य चोरी कर ली गई। बाद में ग्राम बगारदरहा में बनमाली भोई के द्वारा बताया गया कि गांव का सुधीर यादव पिता जैमल यादव उसके पास पंप बेचने के लिए लाया है। इसके बाद प्रार्थी, प्रमोद भोई, नारायण नाई और बनमाली के साथ सुधीर यादव के घर गया, जहां पर उसका ट्यूबवेल पंप रखा मिला। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 305(1), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

सब्जी बाजार से बाइक चोरी

महासमुंद। सब्जी खरीदने गए एक व्यक्ति की बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम धनसुली का बसंत कुमार साहू 09 अक्टूबर की सुबह लगभग 9 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवाय 1036 को खड़ी कर सब्जी खरीदने गया था, वापस आने उक्त जगह पर उसकी बाइक नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप



पीएमएफएमई योजना से राइस मिल खोलने का सपना हुआ साकार

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा का मूल भाव रहा है कि देश का विकास तभी सार्थक है, जब गांव, किसान और छोटे उद्यमी विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें। अमित बंसल लंबे समय से चना आधारित उत्पादों के व्यवसाय से जुड़े हुए थे। इसके बाद उन्होंने राइस मिल की स्थापना कर खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपने व्यवसाय का विस्तार किया। राइस मिल में सॉर्टेक्स मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण चावल की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ ही धान के प्रसंस्करण में काफी नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, महासमुंद के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की जानकारी प्राप्त हुई। योजना की जानकारी मिलने के बाद अमित बंसल ने ऑनलाइन आवेदन किया। बैंक द्वारा प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए 28 लाख 1 हजार 48 रुपए की राशि स्वीकृत एवं वितरित की गई। इस वित्तीय सहायता से बंसल ने अपनी राइस मिल के लिए आधुनिक सॉर्टेक्स मशीन का क्रय किया। अमित बंसल बताते हैं कि पीएमएफएमई योजना के माध्यम से मिली सहायता ने उनके व्यवसाय को नई दिशा दी है। योजना ने उन्हें एक आत्मनिर्भर उद्यमी बनने और अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्यम को आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम एवं सशक्त किया है।



सेजेस तुमगांव में सरस्वती प्रतिमा की हुई स्थापना

महासमुंद। पीएमश्री सेजेस तुमगांव विद्यालय में ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य केआर साहू की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा विधिवत स्थापित की गई। यह मूर्ति विद्यालय के पूर्व प्राचार्य देवेंद्र अगलावे द्वारा प्रेम, स्नेह एवं शुभकामनाओं के साथ विद्यालय को भेंट स्वरूप प्रदान की गई थी। स्थापना समारोह के दौरान पूजा-अर्चना का कार्य विजय तिवारी एवं सत्यम पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अत्यंत श्रद्धा, भक्तिभाव एवं पूर्ण विधि-विधान से किया गया। पश्चात प्रसाद का वितरण विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों के बीच किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भक्तिमय एवं पावन वातावरण छाया रहा। प्राचार्य केआर साहू ने इस अवसर पर कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से विद्यार्थियों में ज्ञान, बुद्धि, विद्या और नैतिक मूल्यों की निरंतर वृद्धि होती रहेगी।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रगति की समीक्षा बैठक

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की तुलना में वर्तमान सत्र 2026-27 में छात्रवृत्ति हेतु प्राप्त आवेदकों की संख्या में आई कमी पर नाराजगी व्यक्त की गई।
कलेक्टर लंगेह द्वारा सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों का पंजीयन एवं आवेदन सुनिश्चित करें। लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण, आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति तथा संस्था स्तर पर सत्यापन एवं आवेदनों को अग्रेषित करने की कार्रवाई निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कुछ विद्यार्थियों को आय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण छात्रवृत्ति आवेदन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गार्डन में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का संचालन किया जा रहा है। 11 से 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित हो रहे इस शिविर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं रमनटोला क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं मातृशक्ति पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। शिविर का विधिवत शुभारंभ महिला पतंजलि समिति की जिला प्रभारी सुमति साहू एवं महामंत्री पूनम पटले द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया था।

शिविर का प्रभावी संचालन पतंजलि की प्रशिक्षित सह-योग शिक्षिका राधा साहू द्वारा किया जा रहा है। प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, यौगिक जॉगिंग, ताड़ासन, वृक्षासन एवं भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों के साथ-साथ अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम का गहन अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही दैनिक जीवन में संतुलित आहार और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविर के दौरान डॉ. मीनाक्षी कश्यप द्वारा उपस्थित साधकों का निःशुल्क रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) परीक्षण किया गया।

अंतिम दिन शतरंज विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में होगा विशेष बौद्धिक विकास सत्र

योग के साथ शतरंज से होगा मानसिक विकास

आयोजकों ने बताया कि यह शिविर केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास का माध्यम है। शिविर के अंतिम दिन (15 अक्टूबर) बच्चों और युवाओं के मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए विशेष शतरंज (चेस) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। यह सत्र इंटरनेशनल फिडे रेटेड खिलाड़ी दीपांशु पटले एवं नेशनल आर्बिटर संदीप पटले के मार्गदर्शन में होगा, जिसमें बच्चों को शतरंज की बारीकियां और दिमागी एकाग्रता बढ़ाने के गुर सिखाए जाएंगे।



सक्रिय सहभागिता दे रहे बूढ़े, बच्चे और जवान

शिविर में भारत स्वाभिमान के जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप पटले, योगीनाथ मेश्राम, प्रमेंद्र नशीने, भावना चंद्राकर, हेमलता कोशरे, पुष्पांजलि होता, ममता सिन्हा, डॉ. मीनाक्षी कश्यप, रेशमी लता साहू, हेमकूमारी साहू, गायत्री पटेल, पूजा पांडेय, सुमन वर्मा, नीतू साहू, अंजलि पटेल, मोतिन कोसरे, चंद्रकला साहू, नीलम रावत, पिंकी धीवर, अंजलि धीवर, नीतेश पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता दे रहे हैं।

बैठक : युवा मतदाता पंजीकरण के लिए विशेष अभियान

कलेक्टर ने हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 17 वर्ष से अधिक एवं मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदान के लिए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि मतदाता सूची में जिन पात्र नागरिकों का नाम दर्ज नहीं है, उनका चिन्हांकन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इस अभियान के अंतर्गत पात्र युवाओं को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करने तथा अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

स्कूलों एवं कॉलेजों में लगेंगे विशेष पंजीकरण शिविर

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत जिले के सभी स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों तथा समस्त शासकीय एवं अशासकीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों और महाविद्यालयों में पात्र युवा मतदाताओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के सहयोग से शैक्षणिक संस्थानों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में पात्र युवाओं एवं अन्य पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरवाया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी।



फॉर्म-6 भरने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में हालिया रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण-पत्र के लिए जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, कक्षा 10वीं या 12वीं का प्रमाण-पत्र, मार्कशीट अथवा आयोग द्वारा स्वीकार्य अन्य आयु प्रमाण पत्र। निवास प्रमाण-पत्र के लिए आधार कार्ड, बिजली, पानी, गैस का बिल, बैंक या डाकघर की पासबुक, वैध पासपोर्ट, पंजीकृत किराया समझौता अथवा आयोग द्वारा स्वीकार्य अन्य निवास प्रमाण, मोबाइल नंबर आवेदन की स्थिति एवं संपर्क संबंधी सूचना के लिए, उपलब्ध होने पर। आवेदन के साथ दस्तावेजों की स्वीकृति एवं वर्तमान नियमों के अनुसार आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। आधार कार्ड उपलब्ध न होने पर भी लागू वैकल्पिक दस्तावेजों एवं प्रक्रिया के संबंध में संबंधित बीएलओ से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं शैक्षणिक संस्थानों से अभियान को गंभीरता से संचालित करने तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र युवा मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे। बैठक में डा. रीता पांडे प्राचार्य, नंदकिशोर सिन्हा, प्रकाश मांझी, रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी तथा जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के साथ सभी प्राचार्य उपस्थित रहे।

चौक, चौराहों और भीड़ वाले स्थानों पर जागरूकता अभियान

नवरात्र महोत्सव के दौरान चंडी मन्दिर घुंचापाली बागबाहरा में 12 अक्टूबर को नागरिकों को निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल ड्राईव माह अक्टूबर 2026 के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें नए मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील की गई एवं सहज तरीके बताए गए, नागरिकों को मतदान केंद्रों में लगाए गए शिविर एवं स्कूल कॉलेजों मे लगाए जा रहे शिविरों की जानकारी दी गई। इसी तरह खल्लारी विधान सभा 41 मे स्वीप के अंतर्गत बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया नागरिकों को जनपद बागबाहरा के परिसर पर नए और छूटे मतदाता को मतदाता सूची मे जोड़ने अपील किया गया।

पारिवारिक माहौल में गरबा का आयोजन



महासमुंद। नवरात्रि पर रास गरबा उत्सव समिति सिटी स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10:30 बजे तक गरबा का आयोजन किया जा रहा है। सिटी स्पोर्ट्स क्लब में गरबा का आयोजन का यह 15 वर्ष है। यह गरबा का दूसरा वर्ष है। सिटी स्पोर्ट्स क्लब में पहले दिन से ही गरबा में हजारों की संख्या में लोग जुड़ने लगे हैं। युवक युवतियों महिलाएं और बच्चों को एक साथ गरबा करते हुए देखना अपने आप में अद्भुत महसूस होता है और एक साथ गरबा को देखने के लिए सीटी स्पोर्ट्स क्लब की गैलरी में हजारों की संख्या में लोग बैठकर गरबा का आनंद उठाते हैं। गैलरी में बैठे हुए लोग प्रारंभ से अंतिम तक गरबा का भरपूर आनंद ले रहे हैं। जिसमें परिवार के सभी सदस्य आकर एक साथ गरबा देख भी रहे हैं और गरबा कर भी रहे हैं। यह गरबा पूरा पारिवारिक माहौल में हो रहा है, इसलिए गरबा में उपस्थित लोगों को समय से पहले गरबा स्थल पर पहुंचते हुए देखा जा सकता है। भीड़ अत्यधिक होने के बावजूद भी गरबा स्थल पर एक सौहार्द पूर्ण वातावरण देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन पारंपरिक वेशभूषा एवं शुरू से अंतिम तक गरबा करने वाले प्रतिभागियों को आईएसबीएम यूनिवर्सिटी महासमुंद की ओर से चार-चार पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहे हैं। रास गरबा उत्सव समिति के सदस्य महेंद्र जैन, मुकेश श्रीवास्तव, दिनेश रूपरेला, रविंद्र जैन, अजय थवाईत, राजेंद्र चंद्राकर, मनीष शर्मा, कमलेश ध्रुव, गिरिजा शंकर चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, मधु शर्मा, निरंजना चंद्राकर, सुधा साहू, कामिनी चंद्राकर, नीतू शाह, लीना चंद्राकर, प्रीति बादल मक्कड़, सुनैना ठाकुर, अर्चना चंद्राकर, अर्चना शर्मा प्रतिदिन इसे रोचक बनाने में जुटे हैं। गरबा स्थल को पारंपरिक तरीके से सजाया गया है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं।

जपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष संघ की उपाध्यक्ष हुलसी ने की प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के वरिष्ठ नेतृत्व से सौजन्य भेंट कर जनपद पंचायतों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, मांगों एवं समस्याओं को मजबूती के साथ प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखा।

इसी क्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संचालक प्रियंका, आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे से मुलाकात की।

चर्चा के दौरान हुलसी चंद्राकर ने कहा कि जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ग्रामीण जनता और शासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों को पर्याप्त अधिकार एवं संसाधन मिलने से विकास कार्यों को और अधिक गति दी जा सकती है तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल अपनी मांगों को रखना नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास को मजबूत करना और पंचायत प्रतिनिधियों को जनहित में बेहतर कार्य करने के लिए सक्षम बनाना है। प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखे गए विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई और सभी मांगों के संबंध में उचित स्तर पर विचार का आश्वासन मिला।



इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, प्रदेश सचिव पुष्पा परदेशी खुंटे, प्रदेश उपाध्यक्ष शारदा सनत देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। हुलसी चंद्राकर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की आवाज को मजबूती से प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचाना और जनपद क्षेत्र की जनता के हित में निरंतर प्रयास करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सहयोग से पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

जिला चिकित्सालय में दिव्यांग बच्चों के लिए आंकलन व चिन्हांकन शिविर का आयोजन

महासमुंद। समग्र शिक्षा विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिला चिकित्सालय में चिन्हांकन एवं आंकलन शिविर का आयोजन हुआ। प्रातः बजे से शाम 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित इस शिविर में दिव्यांग बच्चों के नवीन प्रमाण पत्र बनाने तथा पुराने प्रमाण पत्रों के नवीनीकरण का कार्य किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से डॉ बसंत महेश्वरी अध्यक्ष मेडिकल बोर्ड, डॉ अरविंद गुप्ता, डॉ छत्रपाल चंद्राकर, डॉ ओमकेश्वरी साहू, डॉ अनिल कोरियर, मंजूषा चंद्रसेन, डॉ नंद किशोर कोशले, शिविर में पालक एवं बच्चों को मिलाकर कुल 220 लोग उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 107 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसमें महासमुंद विकासखंड से 63, बागबाहरा से 43 तथा पिथौरा से 1 बच्चा शामिल हुआ। परीक्षण के उपरांत एलिम्को द्वारा 62 बच्चों का सहायक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हांकन किया गया जिन्हें 97 प्रकार के उपकरण के लिये चिन्हांकन किया गया। एलिम्को टीम में पुष्पांजलि साईं, आशा बारीमंडल, अखिलेश यादव, गजेंद्र साहू शामिल थे। डीएमसी रेखराज शर्मा एवं एपीसी अजय भोई के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर के सुचारू व व्यवस्थित संचालन हेतु संकुल समन्वयकों ने विभिन्न प्रभारियों के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इनमें फलेन्द्र बंजारे एवं ललित किशोर बया पंजीयन प्रभारी, ईश्वर कमार एवं पवन साहू आवश्यक फार्म (प्रमाण पत्र, यूडीआईडी, सहायक सामग्री उपकरण) भरने में सहयोग प्रभारी तथा आशीष साहू, नीरज साहू, गणेश राम टंडन एवं सुरेश पटेल बच्चों के आवश्यक सहयोग प्रभारी के रूप में मुस्तैद रहे। शिविर में बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, बीआरपी अनीता निर्मलकर, बीआरपी रेखा यादव तथा स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, मेडिकल बोर्ड प्रभारी लिपिक संतोष कुमार का विशेष सहयोग रहा।



दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर नपा में बैठक, वरिष्ठजनों से लिए सुझाव

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नपा कार्यालय में दशहरा समिति की बैठक लेकर आगामी 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दशहरा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की। बैठक में दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारी व शहर के प्रतिष्ठित नागरिक भूपेंद्र राठौड़, चंद्रशेखर साहू, अग्रज शर्मा, बलराम लालवानी की उपस्थिति रही। अध्यक्ष साहू ने नगर के वरिष्ठजनों के साथ कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, विद्युत सज्जा, पेयजल और रावण दहन की तैयारियों को लेकर चर्चा की तथा उनसे सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि आप सभी शहर के अनुभवी लोग हैं, आपके मार्गदर्शन में ही हर वर्ष दशहरा पर्व भव्यता से मनाया जाता है। इस बार भी आपके द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार ही सभी कार्य किए जाएंगे। वरिष्ठजनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दशहरा सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है और इसे आपसी एकता के साथ मनाया जाना चाहिए। पालिका अध्यक्ष साहू ने सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सुझावों के अनुरूप नगर पालिका पूरी तैयारी करेगी। ताकि, नगरवासी सुविधापूर्ण तरीके से दशहरा पर्व का आनंद ले सकें।

सशिमं में तीन दिवसीय प्रांतीय गणित मेला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में 10 से 12 अक्टूबर 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय गणित मेला का समापन हुआ। मुख्य अतिथि देवेंद्र राव देशमुख (अखिल भारतीय वैदिक गणित संयोजक), विशेष अतिथि संध्या शर्मा (विद्यालय के पूर्व प्राचार्य व आदर्श शिक्षा मंडल समिति की उपाध्यक्ष), गोविंद चौधरी (प्रांत व मध्य क्षेत्र वैदिक गणित संयोजक), कार्यक्रम के अध्यक्ष घनश्याम सोनी (समिति सचिव), नरेश यादव (राजीम विभाग समन्वयक), विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के छाया चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथि परिचय विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य मनोज साहू द्वारा एवं अतिथियों का स्वागत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य एवं महासमुंद जिला वैदिक गणित प्रमुख शिव कन्नौजे द्वारा किया गया। स्वागत उपरांत कार्यक्रम प्रभारी गोविंद चौधरी ने प्रतिवेदन पठन करते हुए कहा कि इस तीन दिवसीय प्रांतीय गणित मेले में छत्तीसगढ़ प्रांत के राजिम, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, रायगढ़, कांकेर, इस प्रकार 9 विभागों से 99 भैया, 76 बहन, 28 संरक्षक दीदी / आचार्य एवं 2 अन्य इस प्रकार 205 की संख्या में एवं कार्यक्रम के निर्णायक उपस्थित हुए। इस पार्टी गणित मेला में चयनित भैया /बहन 23 से 25 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विहार रायपुर में क्षेत्रीय गणित मेला में हिस्सा लेंगे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवेंद्र राव देशमुख ने कहा कि कोई भी प्रतियोगिता में एक बार या दो बार में भाग लेने अगर सफलता नहीं मिलती हैं तो आगे प्रयास करते रहने से सफलता निश्चित ही मिलती है। प्रतियोगिता में जो भैया-बहन प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं उन्हें बधाई एवं और जिनको स्थान प्राप्त नहीं हुआ है वे आगे और प्रतियोगिता में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो स्थान जरूर मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे घनश्याम सोनी ने कहा कि सफलता प्राप्त करना और सफलता को बनाए रखना अलग बात है, जो भैया / बहन सफलता प्राप्त किए हैं और जो चूक गए हैं उन्हें और क्या सुधार करें इस पर विचार कर आगे प्रतियोगिता में भाग लेते रहें व प्रयास करना छोड़ना नहीं चाहिए, प्रयास करते रहने से एक दिन सफल जरूर होंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रान्त सह वैदिक गणित प्रमुख ललित सिंह सेंगर आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मलिक राम वर्मा एवं विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या मनोज साहू ने किया।

इस अवसर पर ललित सिंह सेंगर (प्रांत प्रमुख), मुकेश निर्मलकर (मार्गदर्शक), मलिक राम वर्मा (मार्गदर्शक), उत्तम कुमार साहू (विभाग प्रमुख राजिम), भरत लाल वास (विभाग प्रमुख बिलासपुर), पवन गौतम (विभाग प्रमुख राजनंदगांव), प्यारेलाल वर्मा (विभाग प्रमुख रायपुर), प्रतियोगिता के निर्णायक महासमुंद नगर से जैनेंद्र चंद्राकर, मुकेश कुमार भोई, गुलाब सेन, दिलीप टंडन, राजेंद्र गुप्ता, घनश्याम यदु, खेमराज साहू, हितेंद्र कुमार साहू, किरण कन्नौजे, भमा यादव, राजेश्वर चंद्राकर, प्रीतपाल सिंह, रेखराज चंद्राकर, गिरजा शंकर साहू, सुरेंद्र पटेल, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या दुर्गेश नंदनी चंद्राकर, सरोजनी साव, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, तारिणी गोस्वामी, निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा, साक्षी घोड़ीचोरे, रितु साहू, श्वेता साहू, डॉली साहू, नारायणी साहू, टिकेश्वरी चंद्राकर, आचार्य किरण साहू, हेमंत साहू, तुलसीराम पटेल, अश्वनी साहू अजीत राम साहू, अजय तांडी, कुंजलाल पटेल, लोकेश सेन, गणित मेला में प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में उपस्थित हुए नगर के शिक्षक गण एवं विद्यालय के समस्त दीदी /आचार्यों का सहयोग सराहनीय रहा। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार -प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित सिन्हा ने दी है।

नए शाला भवन निर्माण से अब गांव में ही मिलेगी बेहतर शिक्षा

महासमुंद। शिक्षा किसी भी समाज के विकास की मजबूत नींव होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने से बच्चों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलते हैं। इसी दिशा में महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम छुईहा में 75.23 लाख रुपए की लागत से शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण पूर्ण किया गया है। इस भवन के बनने से गांव के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर हाई स्कूल की सुविधा उपलब्ध होगी। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि ग्राम छुईहा में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य 3 नवंबर 2025 को प्रारंभ हुआ था, जिसे 1 सितंबर 2026 को पूर्ण कर लिया गया। जिसकी कुल लागत 75.23 लाख रुपए है। ग्राम छुईहा में हाईस्कूल की सुविधा नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए दूरस्थ अंचल स्थित ग्राम भुरकोनी एवं अन्य स्थानों के हाई स्कूलों में जाना पड़ता था। इससे विद्यार्थियों को प्रतिदिन आवागमन में परेशानी होती थी। अब गांव में ही हाई स्कूल भवन का निर्माण पूर्ण होने से विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतर स्थानीय सुविधा उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ग्राम छुईहा के ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर हाईस्कूल की सुविधा उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में सहूलियत मिलेगी।

खबर संक्षेप



बिरकोनी में नवरात्रि पर्व की धूम

बिरकोनी। बिरकोनी के खल्लारी माता मंदिर में आदिशक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि रविवार के प्रारंभ से ही उत्सव का वातावरण है। नौ दिन तक शक्ति की भक्ति में श्रद्धालु डूबे हुए है। प्रातः व सन्ध्या आरती में भक्तों जय माता दी के जयकारा लगा रहे है। वही स्थानीय मंडलियों द्वारा प्रति दिन सेवा गीत, जसगीत व धार्मिक आयोजन प्रस्तुत किया जा रहा हैं। भक्तों ने माता रानी के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। देवी माँ को प्रत्येक दिन श्रृंगार से सजा कर पूजा आरती की जा रही है। मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। सभी वार्डवासी महाआरती में शामिल होकर माता के गुणगान कर रहे है। वहीं श्रद्धालुओं ने नौ दिवसीय व्रत रखा है। पारिवारिक सुख समृद्धि की कामनाए की जा रही है। व्रतधारी भक्त घरों में पूजा अर्चना कर आंगन में सुबह शाम रंग रोगन कर दीप जला रहे हैं। इस पर्व को लेकर बच्चों में भारी उत्साह नजर आ रहा है।

बिरकोनी में नाइट गरबा नृत्य कल

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी के बाजार चौक दुर्गा पंडाल में नवरात्र पर्व के षष्ठी के उपलक्ष्य में गरबा नाइट एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। शुक्रवार को संध्या आरती पूजा के बाद रात्रि 9 बजे सम्मान समारोह के बाद रात्रि 10 बजे गरबा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि खुशवंत साहेब केबिनेट मंत्री, अध्यक्षता योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष तेजेन्द्र शर्मा, देवनाथ साहू, जनपद सदस्य विष्णु साहू, सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर होंगे।

पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती कल

महासमुंद। संवेदना संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती 15 अक्टूबर का मनाई जाएगी। कलाम महान वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति थे। पूरा देश बड़े श्रद्धापूर्वक उनकी जयंती को मनाता है। कलाम पूरे देश के लिए आदर्श थे। एक आम परिवार में पैदा हुए कलाम ने मेहनत की और देश का नाम, पूरी दुनिया के पटल पर बढ़ाने का काम किया। वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को बढ़ाने का काम किया।

क्षेत्र के देवी मंदिरों में नवरात्रि पर जल रहे आस्था के ज्योत





पिथौरा। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरों में नवरात्र के दौरान आस्था के दीप जला रहे हैं। हर दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान से पूजा हो रही है। आदिशक्ति शीतला मंदिर, राजराजेश्वरी मां दुर्गा मंदिर चौक, वन विभाग दुर्गा मंदिर, परमेश्वरी धाम दुर्गा मंदिर, विभिन्न दुर्गा पंडाल में आस्था भक्ति शक्ति की आराधना किया जा रहा है। नगर के शीतला मंदिर में 427 ज्योत, वन विभाग दुर्गा मंदिर में 403 ज्योत, दुर्गा मंदिर मंदिर चौक में 225 ज्योत, परमेश्वरी मंदिर मे 180 ज्योत प्रज्वलन हुई है। नगरों में मां दुर्गा के पंडालों और मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। लोग गरबा, रास और धार्मिक अनुष्ठानों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

देवी मंदिरों सहित पंडालों में लगी भक्तों की कतार, आकर्षक ढंग से सजाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शारदीय नवरात्र पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान के साथ नवदुर्गा माता की स्थापना की गई। माता की स्थापना के साथ ही क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम आरती, पूजा-पाठ तथा धार्मिक अनुष्ठान आयोजित भी किए जा रहे हैं।

नवरात्र के दौरान श्रद्धालु माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना करेंगे। मंदिरों और पूजा स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नौ दिनों तक चलने वाली पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से माता की विदाई की जाएगी। हर साल ही तरह इस साल भी नगर सहित अंचल में शारदीय



नवरात्र धूमधाम से मनाया जा रहा है और मां जगत जननी के विविध रूपों की पूर्ण भक्ति भाव से पूरे नौ दिनों तक पूजा अर्चना की जा रही है। नगरवासियों द्वारा नगर के अनेक स्थानों पर पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्त सुबह शाम माता की अराधना कर रहे हैं। जिससे शक्ति और भक्ति के रंग में नगर डूबा हुआ है। हर साल की तरह इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र का पर्व अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगत जननी मां आदिशक्ति के विविध स्वरूपों की पूर्ण भक्ति भाव के साथ आराधना का यह दौर पूरे नगर में जारी है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

नगर के मुख्य मार्गों, चौराहों और विभिन्न वार्डों में कलात्मक और भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है। हर पंडाल में मां दुर्गा की मनमोहक और विशाल प्रतिमाएं और झांकियां स्थापित की गई हैं। मेन रोड कन्या शाला, जय स्तंभ के पास, सब्जी मंडी, ओड़िया पारा, ब्लाक कॉलोनी, महलपारा, वीरेंद्र नगर, टावर पारा, जामबहलीन, घंटेश्वरी मंदिर सहित दर्जनों से अधिक जगह पर पंडाल बनाकर देवी दुर्गा की अराधना की जा रही है। माता के दरबार में प्रतिदिन सुबह और संध्याकालीन महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। ढोल नगाड़ों, घंटियों और शंखनाद के साथ गूंजते माता के भजनों से पूरा वातावरण गूंजायमान है।

शहर में एसआईआर पर संगोष्ठी कल डॉ. भूपेंद्र होंगे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता

महासमुंद। स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद एवं अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 16 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को शाम 6 बजे से स्वाध्याय केंद्र सभागार महासमुंद में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जनजागरुकता बढ़ाना तथा इस महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भूपेंद्र करवंदे उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची की शुद्धता और अद्यतन जानकारी को लेकर जागरुकता बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी में नागरिकों को एसआईआर की प्रक्रिया, उसके उद्देश्य तथा मतदाता सूची से संबंधित विषयों को समझने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से समाज के प्रबुद्धजनों और आम नागरिकों के बीच इस विषय पर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। मतदाता सूची में सही जानकारी का महत्व और निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों की जागरूक भागीदारी जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद एवं अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई महासमुंद ने समाज के प्रबुद्धजनों और गणमान्य नागरिकों को संगोष्ठी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। आयोजकों का कहना है कि नागरिकों की सहभागिता से कार्यक्रम सार्थक बनेगा और महत्वपूर्ण विषय पर जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।



खरोरा में मन जागृति का प्रभावी आयोजन

महासमुंद। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय की डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम टीम द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताहभर चलने वाले मन जागृति अभियान (10 से 16 अक्टूबर 2026) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा के निर्देशन, जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत खरोरा में एक वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई।

इस जागरूकता शिविर में ग्राम पंचायत खरोरा की सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, पंचायत सचिव शिव कोसले और स्थानीय पंचों सहित अग्रिम पंक्ति की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय हिस्सेदारी की। सत्र के दौरान समाज में मानसिक अस्वस्थता को लेकर व्याप्त रूढ़िवादी भ्रांतियों, मिथकों और अंधविश्वास को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों के विशेषज्ञ दल और क्षेत्रीय ग्राउंड टीम की मुख्य भूमिका रही, जिसमें रामगोपाल खूंटे (साइकियाट्रिक सोशल वर्कर), खोमन लाल (सीनियर नर्सिंग ऑफिसर), देव कुमार डेढ़सेना (योग ट्रेनर), सविता बारगाह (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलसोंडा) शामिल रहे। मंटोरा चंद्राकर (एमटी), शांति (बीसी) सहित लता, हीरा, कौशिल्या और संतोषी (मितानिन) का सहयोग रहा।

जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी बैठक

महासमुंद। जीवन विद्या अध्ययन आधारित जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी बैठक जीवन विद्या अध्ययन केंद्र पाली में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के 20 जीवन विद्या अध्ययन केंद्रों के प्रभारी प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। इस संबंध में शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही महासमुंद का प्रस्ताव है कि जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्लास्टिक, डिस्पोजेबल, कप, थाली, गिलास से मुक्त हो। सभी सेवा भावी सदस्य एक माह पूर्व तैयारी में अभ्युदय संस्थान अछोटी दुर्ग पहुंचेंगे। सम्मेलन में अनेक मुद्दों पर संवाद होगा। कार्यक्रम का संचालन अंकित पोगुला मानव तीर्थ बेमेतरा और आयोजन राममिलन यादव व मित्र मंडली पाली ने किया। मुख्य संबोधन साधन भट्टाचार्य मानव तीर्थ, डाक्टर संकेत ठाकुर अंतरराष्ट्रीय मानव वैज्ञानिक अभ्युदय संस्थान अछोटी, गेंदलाल कोकडिया मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही, चंद्रशेखर राठौड़, महावीर अग्रवाल अछोटी, बाबूलाल नायक, शुक्लांबर पटेल, प्रदीप पुरोहित रायगढ़, धमतरी से जितेन्द्र कुमार साहू, ओमन साहू, पेंड्रा बिलासपुर से निष्ठा सोनी, महासमुंद से राखी, रागेश्वर, हेमंत कुमार देवांगन राजिम, रामचरण पाली गायत्री परिवार, संतोष कुमार साहू रायतुम, डा अनिल देवदास आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय रोजगार मेला 22 को

महासमुंद। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 22 अक्टूबर को आईटीआई लभराखुर्द में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक रोजगार डॉ. शशिकला अतुलकर ने इच्छुक एवं योग्य आवेदक, निर्धारित स्थल एवं समय पर अपनी शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज की स्वयं की फोटो सहित उपस्थित होवे। साक्षात्कार की प्रक्रिया में सम्मिलित होने की जानकारी दी है।



राजमाता की जयंती पर आंगनबाड़ी केंद्र में बांटे फल, बिस्किट

कोमाखान। ग्राम मुनगासेर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत ग्वालियर राज घराने की माता विजया राजे सिंधिया की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनका स्मरण व उनके योगदानों को याद कर चर्चा भी की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता विजया राजे सिंधिया के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित नन्हें बच्चों को कई प्रकार के फल व बिस्किट का वितरण भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिला की नेत्री नर्मदा हरिवल्लभ शर्मा ने कहा कि माता विजया राजे सिंधिया भाजपा के अलावा महिलाओं के लिए आदर्श रही है। पश्चात श्रीमती शर्मा ने राजमाता के कृतित्व, व्यक्तित्व पर भी अपने विचार विस्तार से रखे तथा आगे उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में उतारने का आह्वान उपस्थित महिलाओं से किया। इस अवसर पर दीनबंधु सेन, छन्नूलाल साहू, नेहरू लाल चंद्राकर, नाथूराम चंद्राकर, गेंदीबाई, राधिका बाई, नर्मदा पटेल, सविता चंद्राकर, जानकी साहू एवं पेंशनर्स संघ के प्रांताध्यक्ष हरिवल्लभ शर्मा उपस्थित थे।

2014 से पहले आंदोलन को देशद्रोह और राष्ट्रविरोधी कहे जाने पर रश्मि ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने धरना-प्रदर्शन और जनआंदोलनों को लेकर राजनीतिक दलों के बदलते नजरिये पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों को देशद्रोही या राष्ट्रविरोधी क्यों कहा जाता है? डॉ. चंद्राकर ने कहा कि क्या विपक्ष में रहते हुए आंदोलन करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सत्ता में आने के बाद उसी अधिकार को गलत ठहराना उचित है? लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का दृष्टिकोण सत्ता और विपक्ष की भूमिका के अनुसार



नहीं बदलना चाहिए। जनहित के मुद्दों पर सवाल उठाना और सरकार की नीतियों का विरोध करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का दायित्व सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना, जनता की समस्याओं को सामने लाना और शासन को जवाबदेह बनाना है। स्वस्थ लोकतंत्र वही है, जहां असहमति को जगह मिले, नागरिक बिना भय अपनी बात रख सकें और सरकार आलोचना का जवाब तर्कों एवं तथ्यों से दे। डॉ. चंद्राकर ने कहा कि 2014 से पहले जिन धरना-प्रदर्शनों और आंदोलनों को लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में देखा जाता था, आज भी ऐसे विरोधों का आंकलन संविधान, कानून और परिस्थितियों के आधार पर होना चाहिए, न कि राजनीतिक सुविधा के अनुसार। उन्होंने कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य और नागरिकों के अधिकार स्थायी होते हैं। सवाल पूछना देशद्रोह नहीं, बल्कि जवाबदेह शासन की मांग है। लोकतंत्र की मजबूती विरोध की आवाज दबाने में नहीं, बल्कि उसे सुनने और उसका तार्किक जवाब देने में है।

रास गरबा महोत्सव में युवाओं को नशे से दूर रहने चलाया नशामुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित दुर्गा वाहिनी रास गरबा महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने का बात कहते हुए नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा एक स्वस्थ, व्यसनमुक्त राष्ट्र के निर्माण में की भागीदारी सुनिश्चित करना था।

रास गरबा महोत्सव के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला करता है, बल्कि पूरे



परिवार और समाज को विनाश की ओर ले जाता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग से आए साइकेट्रिक्स रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल साहू, हिमांशु कोसरे द्वारा युवाओं और महिलाओं को लक्षित कर काउंसलिंग सत्र और जागरूकता संदेश दिए गए। आयोजकों ने बताया कि आगे भी इस प्रकार के सामाजिक सुधार और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रकाश पटेल, साहू समाज जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू, भाजपा कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, जनपद सदस्य संगीता चंद्राकर, भरत चंद्राकर, हर्षवर्धन चंद्राकर, नंदकुमार साहू, बिपिन महंती आदि मौजूद रहे।

अविरल सितली, निर्मल सितली' अभियानः सितली नाला की सफाई में जुटे स्कूली बच्चे, लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के सितली नाला को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अविरल सितली, निर्मल सितली अभियान के तहत बुधवार को नाला किनारे सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान शिशु संस्कार केंद्र के स्कूली बच्चों सहित शहर के नागरिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान में बच्चों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस पहल के माध्यम से सार्वजनिक जलस्रोतों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। बच्चों की सहभागिता ने स्वच्छता के प्रति सामाजिक



जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अभियान से जुड़े व पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने बताया कि सफाई अभियान के दौरान सितली नाला के किनारे साफ-सफाई की गई। अभियान से जुड़े लोगों का उद्देश्य नाला क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के साथ शहरवासियों को जलस्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान स्वाध्याय केंद्र समिति के मोहन साहू और पवन साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अभियान में नागरिकों की भागीदारी को शहर में स्वच्छता के प्रति सामूहिक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

डॉ. विमल चोपड़ा ने की सहभागिता की अपील

अभियान से जुड़े पूर्व विधायक डॉ चोपड़ा ने शहरवासियों से सितली नाला को संवारने के लिए चल रहे श्रमदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने और नाला क्षेत्र को स्वच्छ रखने में सहयोग करने का आह्वान किया।

आशीबाई स्कूल में कॅरियर गाइडेंस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आशीबाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य और सही करियर चयन को लेकर 13 अक्टूबर को करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन विद्यालय में किया गया। इस आयोजन में विषय विशेषज्ञ के रूप में पॉलिटेक्निक कॉलेज से रितेश दुबे ,डॉ वीनू चंद्राकर और डॉ गोविना देवांगन पशु चिकित्सक विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित थे। सभी विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के बाद सही राह चुनने का और भविष्य निर्माण के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विशेषज्ञों ने बताया कि रुचि और क्षमता के आधार पर करियर का चयन करें। साथ ही



उन्होंने पारंपरिक क्षेत्र जैसे डॉक्टर, इंजीनियर के अलावा डिजिटल मार्केटिंग, डाटा साइंस, सिविल सर्विसेज, उद्यमिता जैसे नए करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही टाइम मैनेजमेंट के साथ तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने के व्यावहारिक तरीकों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सही दिशा में ही की गई कड़ी मेहनत ही लक्ष्य तक पहुंचाती है। साथ ही छात्र छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्कॉलरशिप योजनाओं और कॉलेज चयन को लेकर विशेषज्ञो से अपनी शंकाओ का समाधान किया। विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा ने आमंत्रित विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह भेट किया। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और विद्यालय में प्रतिवर्ष ऐसे सत्र का आयोजन किया जाता रहा है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पूजा साहू तथा आभार प्रदर्शन डॉ ज्योति किरण चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, खेमलता कंवर, दुर्गेश नंदनी, कीर्तन साहू व शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

मिथीडीह में डीजे डांस प्रतियोगिता 18 को

पिथौरा। ग्राम मिथीडीह में 18 अक्टूबर रविवार को दुर्गा महाअष्टमी नवरात्र पर्व पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। संध्याकालीन कार्यक्रम आंजनेय जगराता ग्रुप बागबहरा की प्रस्तुति शाम 5 बजे से 8 तक होना है। वहीं रात्रि 8.30 बजे से डांस प्रतियोगिता प्रारंभ होगा।

जनसंख्या शिक्षा के तहत लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

महासमुंद। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में जनसंख्या शिक्षा के अंतर्गत लोक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें दिव्या कुर्रे ग्रुप ने प्रथम, नंदिनी यादव ग्रुप ने द्वितीय तथा अनिता यादव ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक खोमन लाल चंद्राकर, नोबल ध्रुव तथा बेला मारू थे। कार्यक्रम में खेमलता कंवर, शिल्पी चंद्राकर, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, प्रज्ञा लांजेवार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर शाला नायिका दीक्षा चंद्राकर, हिमांशी टंडन, पूजा परमार, डिंपल चंद्राकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जिले में अब तक 578 कुष्ठ रोगियों की पहचान

महासमुंद। जिले में अब तक 578 कुष्ठ रोगियों की पहचान की गई है, जिनका उपचार जारी है। रोग से संबंधित विकृतियों के सुधार के लिए 15 मरीजों की रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की जा चुकी है, जबकि ग्रेड-2 विकृति के 19 मामले दर्ज किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह कुशवाहा ने बताया कि शरीर पर हल्के रंग के दाग के साथ संवेदना में कमी, हाथ-पैरों में सुन्नपन या मांसपेशियों में कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए।

बिछिया स्कूल में डिजिटल बोर्ड स्थापित अब आधुनिक तकनीक से पढ़ेंगे बच्चे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बिछिया (पो) में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल बोर्ड (स्मार्ट बोर्ड) प्रदान किया गया है। डिजिटल बोर्ड की स्थापना से अब विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक और ऑडियो-वीडियो माध्यमों से डिजिटल शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

डिजिटल बोर्ड के माध्यम से कठिन विषयों को एनिमेशन, चित्र एवं इंटरैक्टिव माध्यमों से आसान बनाकर पढ़ाया जाएगा, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और उत्सुकता बढ़ेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक रामनाथ साव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बच्चे विषयों को न केवल बेहतर ढंग से समझ सकेंगे, बल्कि पढ़ाई के प्रति उनका रुझान और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। हम शासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति सहृदय आभार व्यक्त करते हैं। विद्यालय परिवार, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति तथा स्थानीय समुदाय ने इस पहल के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं शिक्षा विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामवासी, शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अरंड स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)



शासकीय हाईस्कूल अरंड में त्रैमासिक परीक्षा के उपरांत शाला प्रबंधन समिति की मौजूदगी में पालक-शिक्षक बैठक आहूत की गई। परीक्षा परिणाम से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। चिर गैरहाजिर व अनियमित रहने वाले विद्यार्थियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उपस्थिति में सुधार लाने के लिए पालकों से संपर्क कर समिति द्वारा सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। प्राचार्य एनपी तिवारी द्वारा विद्यालय में संचालित हो रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत अरंड के सरपंच डिगंबर पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरिचंद देवांगन, उपाध्यक्ष नील भुवन साहू, ग्राम प्रमुख शिवचरण ध्रुव, पूर्व सरपंच देवराज ठाकुर, सेवती ध्रुव, पुन्नी बाई सेन के अलावा पालक सदस्य देवानंद पटेल, कृष्णा ध्रुव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता सोनसाय पटेल एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता प्रदीप कुमार कर ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ टीकम प्रसाद पटेल, नाथूराम साहू, लोकेश्वरी साहू, क्षमा निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सेजेस नयापारा में तीन दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन, 100 विद्यार्थियों ने सीखी भारतीय लोककला की बारीकियां

महासमुंद। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) योजना के तहत तीन दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न पारंपरिक भारतीय कलाओं एवं हस्तशिल्प की बारीकियों को जाना। कार्यशाला में विद्यार्थियों को बस्तर आयरन क्राफ्ट, फोक पेंटिंग, टेराकोटा मूर्तिकला एवं बांस शिल्प जैसी पारंपरिक कलाओं से परिचित कराया गया। शिल्पकारों ने विद्यार्थियों को इन कलाओं की निर्माण प्रक्रिया, उनकी विशेषताओं तथा भारतीय संस्कृति में उनके महत्व की जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कलात्मक अभिरुचि एवं पारंपरिक भारतीय शिल्प के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य अमी रूफस द्वारा राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों एवं शिल्पकारों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी आरएन देवांगन, एलडीसी रोशन कुमार, बांस शिल्पकार पूजा रंगारी, फोक पेंटिंग कलाकार भारती यादव, बस्तर आयरन क्राफ्ट कलाकार शंकर सोढ़ी, तथा मिट्टी शिल्पकार अमित सैनी एवं गोविंद चक्रधारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को पारंपरिक शिल्पकला की उपयोगिता, उसकी सांस्कृतिक विरासत तथा रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने तथा उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रुति श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कन्नौजे ने किया।

पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह की छवि धूमिल करने की साजिश : गोलू



पिथौरा। छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव गोलू रावल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य मंत्री व पूर्व विधायक बसना एवं अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के सदस्य सलाहकार देवेंद्र बहादुर सिंह की छवि धूमिल किया गया है। देवेंद्र बहादुर सिंह स्वच्छ छवि के व्यक्ति है। सामाजिक और नेता है, समाज ने एक करोड़ रुपए का गबन किया है, किसी समाज ने लिखित नहीं दिया है। सोशल मीडिया में वीडियो में जो दिखाया गया पूर्ण रूप से गलत दिखाया गया है उनको जानकारी नहीं है। देवेंद्र बहादुर सिंह छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण होने के बाद पहले कांग्रेस अजीत जोगी सरकार में उनको खनिज विभाग राज्य मंत्री बनाया गया था। पूर्व में कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त वन विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया था, उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा सकते थे या भ्रष्टाचार कर सकते थे पर उनकी छवि पूरे छत्तीसगढ़ में साफ सुथरा है। देवेंद्र बहादुर सिंह पर राजनीतिक षड्यंत्र करके सामाजिक षड्यंत्र कर आरोप लगाना पूर्ण रूप से गलत है और सोशल मीडिया में बिना जांच परख के गलत समाचार नहीं दिखाना चाहिए, जिन्होंने यह आरोप लगाया है उनको साबित करना होगा नहीं तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर और एसपी को पत्र भी लिखा है। बिना किसी सबूत के किसी पर आरोप लगाना उचित नहीं है, यहां पर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का काम हो रहा है।

विधायक ने शांतिकुंज हरिद्वार से आए दिव्य कलश का किया स्वागत-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



आगामी 17 से 20 दिसंबर 2026 तक दशहरा मैदान बसना में आयोजित होने वाले 51 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से अखंड दिव्य ज्योति कलश बसना पहुंचा। कलश के आगमन पर नगर में रैली, भजन-कीर्तन और पूजन-अर्चन के साथ श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

बसना विधायक संपत लाल अग्रवाल ने सपरिवार दिव्य कलश का विधिवत स्वागत कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों और नगरवासियों ने स्थान-स्थान पर कलश का नमन-वंदन कर आरती उतारी। श्रद्धालुओं ने महायज्ञ की सफलता और जनकल्याण की कामना की। दिव्य कलश के आगमन से आगामी महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा, उत्साह और आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ। आयोजकों ने बताया कि 51 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के माध्यम से नगर एवं क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर देवचंद्र नायक, रामचंद्र अग्रवाल, जयदेव प्रधान, अनिल कानूनगो, मालती दीदी सहित गायत्री परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



